


निगम अधिकारियों ने ली कर्मचारियों की बैठक, जारी किए दो हेल्पलाइन नंबर

## शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में जुटा नगर निगम





नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी. इंदौर की घटना से सबक लेते हुए नगर निगम सर्तक हो गया है. नगर निगम शहरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के कार्य में जुट गया है. नगर निगम के अधिकारियों ने जलप्रदाय विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हें उचित निर्देश दिए.**

वहीं नगर निगम ने शहरवासियों को पेयजल संबिधत शिकायत दर्ज कराने के लिए दो हेल्पलाइन नंबर जारी किया है जिसमें शहरवासी पेयजल से लेकर संबंधित शिकायत दर्ज करा सकते है. आज पुरानी सब्जी मंडी में स्थित जलप्रयाद विभाग के कार्यालय परिसर में शहर के विभिन्न वार्डो में जलआपूर्ति करने वाले कर्मचारियों की बैठक लेते हुए नगर निगम आयुक्त ने शहरवासियों को स्वच्छ आपूर्ति की व्यवस्था को सुदृढ़ करने निर्देश दिए कि सात दिवस के भीतर शहर की समस्थ पेयजल वितरण पाइप लाइनों का सर्वे कर यह जानकारी एकत्र की जाए कि कहां-कहां लीकेज अथवा टूट-फूट है. 20 वर्ष से अधिक पुरानी सभी पेयजल पाइप लाइनों को चिन्हित कर उनके रिप्लेसमेंट का प्रस्ताव तैयार किया जाए. कोलीफॉर्म एवं आर्सेनिक टेस्ट प्रति सप्ताह कराए जाएं तथा अन्य आवश्यक जल गुणवत्ता परीक्षण प्रतिदिन किए जाएं. क्लोरीन डोजिंग सुनिश्चित की जाए. वार्डों में नालियों से होकर गुजरने वाली पाइप लाइनों एवं निजी कनेक्शनों को चिन्हित कर नाली से बाहर किया जाए. सीएम हेल्पलाइन पर पेयजल संबंधी शिकायत प्राप्त होते ही तीन घंटे के भीतर स्थल निरीक्षण कर 24 घंटे के भीतर समस्या का समाधान किया जाए. सीवर लाइनों, चेंबरों, नालियों एवं ऐसे सभी स्थानों को चिन्हित किया जाए, जहां से दूषित जल के पाइप लाइन में प्रवेश की संभावना हो, तथा ऐसी पाइप लाइनों को पृथक किया जाए. बैठक में कार्यपालन यंत्री हिमांशु अतुलकर, सहायक यंत्री विवेक चौहान, इंजीनियर भानु सूर्यवंशी, रोहित सूर्यवंशी सहित विभिन्न वार्डों में पदस्थ वाल्वमैन, प्लंबर, सुपरवाइजर एवं नगर निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.


### शहरवासी इन नंबर पर करे शिकायत दर्ज

दूषित पानी पीकर शहरवासियों के हाल इंदौर के लोगों जैसे ना हो इसके लिए नगर निगम शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के लिए तैयारी में जुट गया है. नगर निगम ने पानी की समस्या को जल्द से जल्द सुधारने के लिए कंट्रोल रूम बनाया है और हेल्पलाइन नंबर 7162222346 तथा महापौर हेल्पलाइन नंबर 7610203037 जारी किया है. शहर के किसी भी वार्ड में अगर दूषित पानी आ रहा है या फिर पानी को लेकर अन्य कोई भी समस्या हो तो शहरवासी इस नंबर पर फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करा सके है.

### दूषित पेयजल से वार्डवासी परेशान

नगर क्षेत्र के अधिकांश कुछ क्षेत्र में जनता को दूषित पेयजल उपलब्ध हो रहा है. वार्डवासी इसी पानी को छानकर और उबालकर पीने मजदूब है. दूषित पेयजल की आपूर्ति होने से वार्डवासियों में रोष है .वार्डवासियों का कहना है कि दूषित पेयजल के चलते लोग मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारी का शिकार हो रहे है. वार्ड नंबर 39 के बड़वन रहने वाले यश साहू ने बताया कि पानी बहुत गंदा आ रहा है. यह समस्या करीब चार-छह महीने से बनी हुई है. पानी के संक्रमण के कारण मेरी पत्नी को तीसरी बार टाइफाइड हुआ है. बच्चे भी आए दिन बीमार हा रहे है. कहीं न कहीं सीवर लाइन और पेयजल लाइन सटी हुई है, जिनमें दरारें हो गई होंगी. इन्ही दरारों के माध्यम से सीवर लाइन का पानी पेयजल पाइप लाइन में जा रहा है. वही पानी हमारे और अन्य घरों में आ रहा है. यह शिकायत अकेले 39 नंबर वार्ड की नहीं है. अधिकांश वार्डों में यह समस्या देखने मिल रही है.

### की गई हाउसिंग बोर्ड में पानीटंकी की सफाई



नगर निगम द्वारा स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हाउसिंग बोर्ड चंदनगांव, वार्ड क्रमांक 34 में स्थित पानी की टंकी की सफाई का कार्य कराया गया. बारिश के बाद शहर की विभिन्न पानी की टंकियों में सफाई कार्य पहले ही किया जा चुका है. इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 34 की पानी की टंकी की नियमित सफाई कराई गई. नगर निगम द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार टर्मवाइज पानी की टंकियों की सफाई का कार्य निरंतर जारी रखा जाएगा, जिससे नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके.

## पुलिस और प्रशासन ने ग्रामीणों की ली बैठक

मोक्षधाम के रास्ते के विवाद में एक ही परिवार के लोगों पर किया गया था जानलेवा हमला




नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा/ परासिया, 3 जनवरी .मोक्षधाम के रास्ते को लेकर हुए विवाद में बीते दिवस दो दर्जन से अधिक लोगों ने एक परिवार पर जानलेवा हमला कर परिवार के चार सदस्यों को गंभीर रूप से घायल कर दिया था. उक्त मामला गंभीर होने पर आज एएसपी ,परासिया एसडीएम, तहसीलदार तथा देहात थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ ग्राम सतनूर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों के साथ बैठक की.**

बता दे कि देहात थाना क्षेत्र के सतनूर गांव में मोक्षधाम को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. ग्राम सतनूर में गांव के ही करीब दो दर्जन से अधिक लोगों के समूह ने रविदास समाज से जुड़े चार लोगों पर जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों एवं अन्य हथियारों से हमला कर दिया. हमले में सनकी बाई, गड्ढो बाई, भारत और विनोद गंभीर रूप से घायल हो गए,प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के बाद हमलावरों ने पीड़ितों को घेर लिया और बेरहमी से मारपीट की.

हमले में सनकी बाई गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गईं, जिन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया की थी. उक्त मामले में देहात थाना पुलिस ने 6 लोगों सहित अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट सहित एसटीएससी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है.

### ग्रामीणों में बनी सहमति


ग्राम सतनूर में मोक्ष धाम के पहुंच मार्ग को लेकर रास्ता विवाद के संबंध में आज परासिया एसडीएम, एएसपी छिंदवाड़ा तहसीलदार उमरेठ, नायब तहसीलदार परासिया एवं देहात थाना प्रभारी ग्रामीणों की बैठक ली. बैठक में अधिकारियों ने ग्रामीणों से कहा कि मोक्षघाम के रास्ता के लेकर चल रहे प्रकरण का नियमानुसार निराकरण किया जाएगा जिससे सभी पक्ष के लोग सहमत हुए. पुलिस एवं प्रशासन द्वारा समस्त ग्राम वासियों से शांति बनाए रखना की अपील की गई. इस पर ग्रामवासियों ने कहा कि उनके द्वारा ऐसा कोई कृत्य नहीं किया जाएगा जिससे ग्राम की परीशांति भंग हो.

### पांच लोगों को लिया हिरासत में

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सतनूर में बैठक के दौरान कुछ लोग शोर शराबा कर बैठक में माहौल खराब कर रहे थे. पुलिस ने शख्ती दिखाते हुए शांति भंग करने वाले पांच लोगों को हिरासत में ले लिया है. वहीं पुलिस एक परिवार के सदस्यों से मारपीट करने वालों की तलाश कर रही है. पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा.

## ग्राम चौरापठार में तेंदुए ने बकरियों का किया शिकार

▶ वन अमले ने मवेशियों को सुरक्षिण स्थान पर दखने की दी सलाह, ग्रामीणों में दहशत



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी. तामिया वनपरिक्षे के अंतर्गत आने वाले ग्राम चौरा पठार में तेंदुए की मूवमेंट देखी गई है। शुक्रवार की देर रात तेंदुए ने 5 बकरियों को अपना शिकार बना लिया।**

उक्त बात की सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और उन्होंने ग्रामीणों से अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थन पर रखने की सलाह दी। तेदुंए के हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी तामिया के अनुसार तेंदुए की गतिविधियां लगातार ट्रैक की जा रही हैं। ग्रामीणों से कहा गया है कि वन क्षेत्र की ओर अनावश्यक आवाजाही न करें। बच्चों को अकेले बाहर न जाने दें। रात्रि और सुबह के समय विशेष सावधानी बरतें। छोटे बच्चों और मवेशियों को सुरक्षित रूप से घर में ही रखें। वन विभाग का कहना है कि जंगल से सटे गांवों में भोजन और पानी की तलाश में वन्यजीवों का रिहायशी क्षेत्रों की ओर आना कोई नई बात नहीं है, लेकिन लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। तामिया क्षेत्र में इसके साथ-साथ पूर्व में भी तेंदुए की मौजूदगी सामने आ चुकी है। इससे पहले भी बीते वर्षों में चौरा पठार, आसपास के जंगलों और सीमावर्ती गांवों में तेंदुए के देखा गया है। तेंदुए ने मवेशियों पर हमले की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। उस दौरान भी वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी थी। वही रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और सूचना तंत्र मजबूत करने के निर्देश जारी किए गए थे।

### दो लोगों की बीमारी के चलते युवक की मौत

**छिंदवाड़ा।** उमरेठ थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक की शनिवार को लंबी बीमारी के चलते मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार राहुल पिता परशुराम धुर्वे उम्र 26 साल निवासी दमोह माल का रहने वाला है। वह लंबे समय से लंबी बीमारी से जूझ रहा था। पिछले दिनों परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं कुंडीपुरा क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के रहने वाले युवक की शनिवार को लंबी बीमारी से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार सुकरलाल पिता जंगल पाठक भैया उम्र 70 साल रेलवे स्टेशन का रहने वाला है। वह लंबे समय से लंबी बीमारी से जूझ रहा था। पिछले दिनों परिजनों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## 70 लीटर अवैध शराब के साथ पकड़ाया युवक


कोतवाली पुलिस ने मोहन नगर में की छापामार कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी.** जिले भर में अवैध शराब पर अंकुश लगाने पुलिस मुहिम चला रही है। इसी मुहिम के तहत कोतवाली पुलिस ने चर्च कंपाउंड मोहन नगर के यहां से बियर की पेटी जब्त की है। आरोपी पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने न्यायालय में पेश कर आरोपी को जेल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस ने बाताया कि आज पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की मोहन नगर निवासी आकाश उईके ने उसके घर के आंगन मे एक टिन की पेटी में अवैध रूप बेचने के उद्देश्य से छिपाकर रखा है। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर जाकर दबिश दी। जहां आकाश उर्फ विष्णु पिता स्व राजू उईके उम्र 28 साल निवासी चर्च क पाउण्ड मोहन नगर थाना का होना बताया गया। जिसके घर के आगन मे लकडी एवं खड्डे को अलग करके देखने पर एक टिन की पेटी एवं एक पिटू बैग के अन्दर अवैध रूप से 141 नग बियर की केन जब्त की गई। कुल शराब 70 लिटर 500 एम एल जुमला कीमत 19 हजार 760 रूपये कीमत बताई गई है। आरोपी को गिर तार कर उसके खिलाफ धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी के विरूद्ध पूर्व मे भी एक 34 (1) आबकारी एक्ट का मामला पंजीबद्द है।

## नगर निगम अमले ने शहर से हटाया अतिक्रमण

▶ फव्वारा चौक, गल्ला मार्केट और राज टॉकीज क्षेत्र में की कार्यवाही



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी . नगर निगम अमला शहर में लगातार अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही कर रहा है आज भी नगर निगम अमले ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर अतिक्रमण हटाया. प्राप्त जानकारी के अनुसार निगम आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम अमले ने शनिवार को फव्वारा चौक गल्ला मार्केट से पाल-पर्दे एवं तिरपाल हटाए गए.**

साथ ही दुकानों के सामने रखा गया अतिरिक्त सामान भी हटवाया गया. इसके पश्चात राज टॉकीज मार्ग स्थित मथुरा प्रसाद स्कूल की बाउंड्री वॉल से लगे लगभग 15 अवैध गुमटियों को हटाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया गया. इसके अतिरिक्त आगामी कार्रवाई के तहत सोमवार को राज टॉकीज आज़ाद चौक से सीएस कॉम्प्लेक्स तक स्वयं अतिक्रमण हटाने हेतु अनाउंसमेंट कराया गया है, ताकि निर्धारित क्षेत्र को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त किया जा सके. नगर निगम द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने एवं आमजन की सुविधा के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी.

### जुंआ खेलते चार जुंआरी पकड़ाए

**छिंदवाड़ा.** चौरई पुलिस जुआ फड़ के खिलाफ कार्रवाई कर चार जुआरियों को दबोच लिया और दाव पर लगे5100 रुपए जब्त किया है. बता दे कि थाना प्रभारी चौरई मोहन सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गुरैया से हथनी रोड में जुआ चल रहा है कि सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा रेड कार्यवाही की गयी जो मौके पर आरोपी मनीष चौधरी, अमित चौधरी, पंकज नामदेव मिले जिनसे 52 ताश के पत्ते एवं नगदी 5100 रूपये जप्त किया गया है। जुआ में पकडे गये आरोपियो ने बताया कि सचिन शर्मा निवासी गुरैया का नाल लेकर जुआ खिलाता है जिसे भी गिर तार किया गया है सभी आरोपियो के विरूध्द अप.क्र. 10/26 धारा 13 जुआ एक्ट, 49 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द किया गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक मोहन सिंह मर्सकोले, प्र.आर. गोपाल साहू, राजू भारती, राजकिशोर बघेल, रोहित ठाकुर, राजेश सनोडिया की सराहनीय भूमिका रही।

कलेक्टर राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर दिए दिशा निर्देश

## आम नागरिकों को बिना परेशानी के राजस्व सेवाओं का मिले लाभ : श्री नारायन



नवभारत न्यूज

**छिंदवाड़ा, 3 जनवरी . जिले में राजस्व संबंधी कार्यों को अधिक पारदर्शी, त्वरित एवं जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने राजस्व विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा बैठक ली।**

बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया था, बैठक में राजस्व के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा आम नागरिकों को राजस्व सेवाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के प्राप्त हो। आरसीएमएस के अंतर्गत नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का समय सीमा के अंदर ही शत-प्रतिशत निराकरण के लिए विशेष प्रयास करने पर जोर दिया गया। भू-राजस्व एवं अन्य मदों की मांग एवं वसूली की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत आरबीसी 6(4) के प्रकरणों एवं राहत राशि वितरण, धारणाधिकार, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान एवं सीएम किसान सम्मान निधि से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। डिजिटल सेवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से साइबर तहसील, एग्रीस्टैक ऐप, स्वामित्व योजना, जीटी आबादी सर्वेक्षण, तथा भू-अभिलेख खसरा को समग्र आईडी एवं आधार लिंकिंग जैसे नवाचारों की प्रगति की भी समीक्षा की गई और गति के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, वन ग्रामों को राजस्व ग्राम बनाए जाने, मजरा-टोला को राजस्व दर्जा देने तथा वनाधिकार के सामूहिक दावों पर भी चर्चा की गई। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में लंबित याचिकाओं एवं अवमानना प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त एजेंडा के अंतर्गत दाण्डिक प्रकरणों, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन एवं अभिलेख दुरुस्ती (धारा 115) से संबंधित पटवारियों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन, पंचनामा एवं नक्शों की छायाप्रतियों की समीक्षा भी की गई और आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। भू-अर्जन के प्रकरणों को भी समय सीमा में निराकृत करने के निर्देशित किया गया। बैठक में अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर आर.के.मेहरा, राहुल कुमार पटेल व पुष्पेन्द्र निगम सहित जिले के सभी अनुविभागों के एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत हितग्राहियों की सूची जारी

**छिंदवाड़ा.** नगर पालिक निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के बीएलसी घटक के अंतर्गत डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने हेतु 23 हितग्राहियों का चयन किया गया है। चयनित हितग्राहियों की सूची नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है। निकाय में प्राप्त आवेदनों में से पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया है। संबंधित व्यक्ति सूची का अवलोकन कार्यालय में अथवा निकाय की वेबसाइट पर भी कर सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को सूची में शामिल किसी भी हितग्राही के नाम पर आपत्ति हो, तो वह सूची प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित रूप में साक्ष्यों सहित अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।


नवभारत

स्थान परिवर्तन सूचना

नवभारत कार्यालय का संचालन विगत 25 वर्षो से गांधीगज नई आबादी में स्थित गुजराती समाज भवन छिंदवाड़ा से किया जा रहा था. लेकिन अब नवभारत कार्यालय का स्थान परिवर्तन किया गया है. वर्तमान में नवभारत कार्यालय का संचालन परासिया रोड आरोग्य हॉस्पिटल के पास वैभव साड़ी शोरूम के पीछे मंगलम् होटल के ऊपर किया जा रहा है.

संपर्क करे.

9424835746, 9425727280. 7067642572

मन स्पर्श माइंड केअर क्लिनिक

डॉ. तुषार ताल्हन
M.B.B.S, M.D.
(NEURO-PSYCHIATRY)
एक्स रेसीडेंड लोकमान्य तिलक सायन हॉस्टिपल, मुंबई

मस्तिष्क, मनोरोग, सेक्स रोग, मिर्गी एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ

संपर्क करें- 8109790451

मिलने का समय
दोप. 2.30 से 5 बजे तक एवं शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक (रविवार अवकाश)

उपलब्ध सुविधाएं
- नशामुक्ति (शराब, तंबाकू, अफीम, गांजा, भांग, चरस इत्यादि)
- सरदर्द माइग्रेन
- नींद की बीमारिया
- ईईजी जांच सुविधा
- बुद्धि की जांच
- डिप्रेशन, ओ.सी.डी.
- दौरे/मिर्गी की बीमारी
- सिजेफ्रेनिया
- बेवजह गुस्सा एवं व्यवहार की समस्याएं
- पारिवारिक/वैवाहिक कलह-परामर्श
- बच्चों की व्यवहारिक समस्याएं
- बायोफीडबैक रिलैक्सशन थैरेपी (बिना दवाईयों के स्ट्रेस हटाने की थैरेपी)

पता- सेंट्रल एवेन्यू कॉम्पलेक्स, पतंजली शोरूम बाजू में एचपी पेट्रोल पंप के सामने, परासिया रोड छिंदवाड़ा



स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी । * फोन- 235677, 235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589